आई टी एल पब्लिक स्कूल

पुनरावृति सामयिक परीक्षा-2 (2025-26)

विषय- हिंदी

दिनांक ः दिसंबर **2025** कक्षाः पंचम

समय ः **1** घंटा कुल अंक ः **20**

अनुक्रमांकः निरीक्षक हस्ताक्षरः

सामान्य निर्देश- **1**) इस प्रश्न -पत्र में **2** पृष्ठ, **3** भाग और कुल **7** प्रश्न हैं।

**2**) सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।

**3**) सभी प्रश्नों को ध्यानपूर्वक पढ़कर सुंदर व साफ़ लिखाई में उत्तर दीजिए।

| | | |
|---|---|---|
| | भाग क पठन कौशल | |
| प्रश्न **1** | निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर प्रश्नों के उत्तर में दीजिए।<br><br>भारत को स्वतंत्र करवाने में भारतीय नारियों का बहुत बड़ा हाथ रहा है।स्वतंत्रता के आंदोलन में उन्होंने पुरूषों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर काम किया है। ऐसी नारियों में सरोजनी नायडू का नाम भी शामिल है।उनका जन्म **13** फरवरी **1879** को हैदराबाद में हुआ।इनके पिता संस्कृत के विद्वान होने के साथ-साथ एक वैज्ञानिक भी थे। सरोजनी की माता श्री मती वरदा सुंदरी भी सुशिक्षित महिला थीं।सरोजनी को पुस्तकों से बड़ा प्रेम था।उनके हाथ में कोई न कोई पुस्तक रहती ही थी। बचपन से ही कविता पढ़ने में उनकी विशेष रुचि थी।वह गाती भी बहुत अच्छा थीं।जब वह मधुर स्वर में कविता पाठ करतीं तो उनके माता- पिता बड़े प्रसन्न होते।सरोजनी स्वयं भी कविता लिखने लगीं।तेरह वर्ष की उम्र में ही उन्होंने एक लंबी और सुंदर कविता लिखी, यह जानकर लोगों को बड़ा आश्चर्य हुआ।उन्होंने सरोजनी की बड़ी प्रशंसा की। | **4** |
| | क) सरोजनी नायडू का जन्म कब और कहाँ हुआ था? | |
| | ख) सरोजनी नायडू की बचपन से किसमें रुचि थी? | |
| | ग) नायडू के माता -पिता क्या थे? | |
| | **घ)** निम्नलिखित शब्दों के समानार्थक गद्यांश में से ढूँढ़कर लिखें।<br><br>क)तारीफ़ ख)आज़ाद | |
| | भाग -ख भाषा कौशल | |
| प्रश्न **2** | निम्नलिखित वाक्यों में उचित सर्वनाम शब्द भरें।<br>(ख) ———— रोज़ खेलने जाऊँगा।<br>(ग) बच्चा ———— खेलने लगा।<br>(घ) यह चित्र ——— बनाया है ? | **2** |

| | | |
|---|---|---|
| | (ङ) आज हमारे घर ——— आने वाला है।<br>(च) ————— रोज़ सैर करने जाता हूँ। | |
| प्रश्न **3** | रेखांकित सर्वनाम शब्दों के भेद लिखिए।<br>(क) जिसे चीजें चाहिए वे आगे आएँ। (ख) उन्होंने क्या सामान खरीदा ?<br>(ग) हमें घूमने जाना हैं। (घ) यह किसका घर है?<br>(ङ) तुम रोज़ सैर करने जाते हो। | |
| प्रश्न **4** | निम्नलिखित शब्दों के लिए उचित वाक्यांश लिखिए।<br>(क) आस्तिक - (ख) ऐतिहासिक -<br>(ग) साप्ताहिक - (घ)सत्यवादी - | |
| प्रश्न **5** | रेखांकित शब्दों के लिए एक शब्द लिखकर वाक्य दोबारा लिखिए।<br>(क) श्री राम जी की मूरत मन को मोहने वाली है।<br>(ख) जो सामान बेचता है उससे अपनी पुस्तक खरीद लो। | |
| | भाग- ग साहित्य कौशल | |
| प्रश्न **6** | कविता की पंक्तियाँ पढ़कर प्रश्नों के उत्तर दीजिए।<br>चित्रकार ने कहा- हो गया आगे का तैयार।<br>अब मुँह आप उधर तो करिए जंगल के सरदार।<br>बैठ गया वह पीठ फिराकर चित्रकार की ओर।<br>चित्रकार चुपके से खिसका जैसे कोई चोर।<br>(क) ये पंक्तियाँ कौन- सी कविता से ली गई हैं व इसके कवि कौन है?<br>(ख) चित्रकार ने शेर को कैसे बैठने को कहा?<br>(ग) चित्रकार ने क्या किया?<br>(घ) पंक्तियों में से तुकबंदी शब्द ढूँढकर लिखें। | |
| प्रश्न **7** | नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर **30-40** शब्दों में दें।<br>(क) मादा गैंडा कब और क्यों हिंसक हो जाती है?<br>(ख) प्रथम दिन की यात्रा के बाद लेखक का मन क्यों नहीं भरा ?<br>(ग) भारत के प्रसिद्ध राष्ट्रीय पक्षी अभयारण्य कौन-से हैं? किन्ही तीन के नाम लिखिए। | |